सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 20 सितंबर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह अगस्त, 2023 के मासिक सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को माह अगस्त, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)

निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह अगस्त, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	माह के दौरान उत्पादन	इस माह तक संचयी उत्पादन
यूरिया	27.55	126.19
डीएपी	3.09	19.28
अमोनियम सल्फेट (ए/एस)	0.54	2.50
मिश्रित उर्वरक	8.09	41.41
सिंगल सुपर फॉस्फेट	3.80	21.55

स्रोत: dbtfert.nic.in 06.09.2023 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	आकलित आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
यूरिया	33.57	93.21	46.85
डीएपी	7.47	44.56	13.61
एमओपी	2.49	7.83	1.75
एनपीके	10.58	58.23	16.48

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

उत्पाद का नाम	मात्रा 'लाख मी.टन' में
यूरिया	2.62
कृषि उपयोग हेतु एमओपी	0.98
डीएपी	4.46
एनपीके	1.62

4. अगस्त 2023 के दौरान तलचर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा एफसीआईएल की तलचर इकाई के नामांकन के आधार पर पुनरूद्धार हेतु दिनांक 17 फरवरी 2019 को नींव रखी थी। 1.27 एमएमटीपीए क्षमता वाले गैस आधारित उर्वरक संयंत्र की स्थापना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा एक संयुक्त उद्यम का गठन किया गया था। तदनुसार, तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल की प्रत्येक की साम्या 31.85% तथा एफसीआईएल की 4.45% है। टीएफएल संयंत्र कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उर्वरक विभाग द्वारा सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजना कार्यकलापों की निगरानी की जाती है। परियोजना कई कारणों, स्थानीय और वैश्विक दोनों की वजह से प्रभावित हुई। टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है:-

i. **वृद्धिशील प्रगति:**

क) जुलाई, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति : 48.61%

ख) अगस्त, 2023 के दौरान वृद्धिशील प्रगति : 1.26%

ग) अगस्त, 2023 तक समग्र प्रगति : 49.87%

सचिव (उर्वरक), उर्वरक विभाग ने 9-11 जुलाई, 2023 को टीएफएल के दौरे के बाद संयुक्त उद्यम भागीदारों के सभी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों (सीएमडी) के साथ टीएफएल परियोजना की पाक्षिक समीक्षा बैठक करना शुरू किया है। कार्यान्वयन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कई सुधार किए गए हैं। इस परियोजना ने गति पकड़ ली है और उम्मीद है कि अक्टूबर, 2023 तक जमीनी स्तर पर पर्याप्त प्रगति देखने को मिलेगी। नए प्रबंध निदेशक ने 31 जुलाई 2023 को कार्यभार संभाला है। इस संबंध में, संयुक्त उद्यम भागीदारों के सभी सीएमडी के साथ टीएफएल की समीक्षा बैठक 15.09.2023 को आयोजित होनी तय है।

5. **व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 179066.43 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट ब.अ. की तुलना में अगस्त, 2023 के दौरान उर्वरक राजसहायता के प्रशासन पर 25114.43 करोड़ रुपये (यूरिया: 15565.2 करोड़ रुपये तथा पीएंडके: 9549.23 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से अगस्त 2023 के दौरान 98329.10 करोड़ रुपये (यूरिया: 64218.39 करोड़ रुपये और पीएंडके: 34110.71 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आवंटन का लगभग 54.91% का वृद्धिशील व्यय हुआ।

****